an>

Title: Need to provide benefits under Central Pension Scheme to the freedom fighters of country.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं यहां से बोलने की अनुमति चाहता हूं।

मैं आपके माध्यम से सरकार को अवगत कराना चाहता हूं कि इस देश को आजाद कराने में बहुत सारे लोगों ने कुर्बानी दी है। उस कुर्बानी में एक ऐसा अवसर आया था कि जब वर्ष 1857 की क्रांति हुयी थी, वह अनियंत्रित थी, योजनाबद्ध न होने के कारण हमारे सभी लोगों को नुकसान उठाना पड़ा था, तब 28 दिसम्बर, 1885 को, जिस मंडल के जनपद में हमारा जन्म हुआ है, कानपुर मंडल के इटावा जनपद में हमारा जन्म हुआ है, वहां कांग्रेस नाम की एक संगठन बनी थी, जिसको लेकर आज हमारे सामने बैठे लोगों ने लगातार 60 सालों तक इस देश पर राज किया है और इस देश की जनता का नुकसान किया है। मैं उस विषय पर नहीं जाना चाहता हूं लेकिन मैं आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि आज स्वतंत्रता सेनानियों की हालत जीर्ण-शीर्ण है।

केन्द्रीय पेंशन योजना से कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंचित हैं। जैसे हमारे क्षेत्र में श्री रघुराज प्रताप सिंह, स्वर्गीय बाबू सिंह, ग्राम व पोस्ट पलनापुर, कानपुर देहात को प्रदेश सरकार से पेंशन मिल रही है लेकिन केन्द्रीय पेंशन योजना से नहीं मिल रही है जबकि उनके साथी श्री छोटे लाल मैथाली एवं शंकर लाल कटियार को केन्द्रीय पेंशन योजना का भुगतान किया जा रहा है। उक्त संबंध में श्री रघुराज सिंह द्वारा केन्द्र सरकार को प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया गया जिस पर कोई कार्यवाही न होने के कारण श्री सिंह को उक्त योजना के लाभ से वंचित रखा गया। श्री रघुराज सिंह द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दी गई।...(व्यवधान) माननीय न्यायालय के आदेशानुसार चार महीने में उक्त प्रकरण का निस्तारण करने के लिए केन्द्र सरकार को कहा गया। हमने कई बार लिखकर दिया है। कागज यहां उपलब्ध न होने के कारण प्रदेश सरकार की पेंशन मिल रही है। उनके साथियों को केन्द्रीय पेंशन मिल रही है, लेकिन उन्हें इस योजना के लाभ से वंचित किया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि जिन लोगों ने देश को आजाद कराने में अपनी कुर्बानी दी, उन्हें इसका लाभ मिलना चाहिए।

माननीय अध्यक्ष :

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल और

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री देवेन्द्र सिंह भोले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।